ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 11-01-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-01-11 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-01-12	2022-01-13	2022-01-14	2022-01-15	2022-01-16
वर्षा (मिमी)	2.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	7.0	6.0	7.0	7.0	7.0
न्यूनतम तापमान(से.)	-1.0	-1.0	-1.0	-1.0	0.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	95	95	90	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	55	55	50	50	45
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	320	330	330	320	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	3	1	2	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में मौसम साफ रहेगा, आज कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 6.0 से 7.0 व 0.0 से -1.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। आज तापमान में गिरावट के चलते कोल्ड डे (शीत दिवस) तथा 11से13 जनवरी को पहाड़ी इलाकों में कहीं-कहीं पाला पड़ने की भी संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 16 से 22 जनवरी के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

अत्यधिक वर्षा के कारण फसल में पानी जमा होने से गेहूं, मटर और सरसों जैसी फसलों को नुकसान हो रहा है, इसलिए किसान भाइयों को समय रहते अपनी फसल में से पानी निकाल देना चाहिए। खाद के साथ गंधक या पोटाश का प्रयोग करें तथा मटर की फसल में बोरॉन के साथ कवकनाशी का छिड़काव करें। 11 से 13 जनवरी को पहाड़ी इलाकों में कहीं-कहीं पाला पड़ने की भी संभावना है, इसलिए सरसों, गेहूं और सब्जी वर्गीय फसलों जैसे टमाटर और आलू को पाले से बचाने के लिए, किसान भाई पलवार का उपयोग भी कर सकते है और मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्प्रिंकलर सिंचाई भी दी जा सकती है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में मौसम साफ रहेगा। आज तापमान में गिरावट के चलते कोल्ड डे (शीत दिवस) तथा 11से13 जनवरी को पहाड़ी इलाकों में कहीं-कहीं पाला पड़ने की भी संभावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	अगर गेहूँ में केवल चैड़ी पत्ती वाले खरपतवारों का ही बहुलता हो तो नवम्बर में बोई गई गेहूँ की फसल में 34-40 दिन बाद तथा दिसम्बर में बोई समय में बुवाई के 40-45 दिन बाद 2,4-डी0 के 500 ग्राम सक्रिय अवयव या मैटसल्फूरान मिथाईल के 4 ग्राम का 500-600 लीटर पानी में घोल कर फ्लैट-फैन नोजल द्वारा छिड़काव प्रति हैक्टर की दर से करें।
सरसों	सरसों में माहुँ का प्रकोप बढ़ने पर थायमेथोक्जाम 25 डब्लू जी की 50-100 ग्रा0 मात्रा का 600-700 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।
लहसुन	लहसून की पत्तियाँ पीली पड़ने की स्थिति में, टेबुकोनाजोल का 1 मिली/लीटर+प्रोफेनोफोस का 1 मिली/लीटर की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	टमाटर में पछेती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 का 2.5 ग्राम/ली0 की दर से छिड़काव करे।
आलू	आलू के पछेती झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु, मैनकोजेब जैसे फफूंदनाशक का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव मौसाम साफ होने पर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	यदि गर्भवती गायों में परजीवी घुन/जूँ या कीलनी का प्रकोप हो तो आरएक्स बोटॉक्स का 15 मिली लेकर 7 लीटर पानी मे मिलाकर सूती कपड़े से लगाए। इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुदृढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए बिना पानी में मिलाए ही गुड़ के साथ अजवाइन का सेवन कराना चाहिए। यह उन्हें गर्मी और ऊर्जा देता है।
भेंस	भैंस के उपर छोटी-छोटी मक्खी बहुत अधिक लगने पर, 100 मिली नारियल के तेल में 10 ग्राम पिसी कपूर मिलाकर फेंटे, फिर दिन में चार बार लगाए। इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुदृढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए बिना पानी में मिलाए ही गुड़ के साथ अजवाइन का सेवन कराना चाहिए। यह उन्हें गर्मी और ऊर्जा देता है।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
चूज़ा	चुजे ठंड के प्रति बहुत संवेदनशील होते है तथा उन्हे उचित भोजन प्रदान करें । उनके आवास में तापमान का अनुरक्षण करते रहे तथा गर्मी का उचित स्रोत बनाए रखें|